सार-समाचार

अवैध मादक पदार्थ सहित आरोपी धरा

उदयपुर, (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ व हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेशओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र बोरीवाल के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी डॉ.हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान एसआई मुगलाराम के नेतृत्व में गठित दल ने गश्त के दोरान अम्बामाता, मल्लातलाई, गांधीनगर, रानी रोड़ से शिल्पठाम रोड़ होते हुए दर्पण द्वार के पास पहुचे। जहां पुलिस दल को देख एक व्यक्ति भागा। इस पर पुलिस जाप्ता ने उसे दबोच कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम मनीष ओड़ पुत्र फतेहलाल निवासी ओड़ बस्ती अम्बामाता बताया। इस पर उसकीतलाश ली तो उसके कब्जे से 18.74 ठाम अवैध गांजा एवं चाकू मिला। इस पर पुलिस ने मादक पदार्थ, हथियार जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। आरोपी मनीष के खिलाफ दो अपराधिक प्रकरण पूर्व में दर्ज है। आरोपी ने पूछताछ में उक्त माल आरोपी मोहम्मद युसुफ मलिक पुत्र मोहम्मद युसुन निवासी अहमद हुसैन कॉलोनी से खरीद कर लाने की बात कही है।जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

धोखे से रजिस्ट्री कराने का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। उपचार करवाने के दौरान दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा पीडित की जमीन अपने नाम करवाने वाले व साथियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मोतीलाल पुत्र चेनाराम भील निवासी पाराखेत ने आरोपी राजेन्द्र कटारिया, खेमराज पुत्र रामा, रमेश पुत्र वाला एवं मावा पुत्र वाला के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि वर्ष 2010 में झगड़ा होने के बाद से आरोपियों से संपर्क था। इस दौरान आरोपी मुझे उपचार करवाने के लिए चिकित्सालय ले गए थे। जहां कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए थे। 5 जून 2024 को आरोपी राजेन्द्र कटारिया जेसीबी मशीन लेकर मेरे खेत पर आया तथा दिवार तोड़ दी। इसका पता चलने पर एतराज किया तो आरोपी ने बताया कि रमेश, वाला पुत्र मावा ने ने जमीन मेरे नाम पर करवाने की जानकारी दी। जबकि जमीन का किसी प्रकार का विक्रय इकरार नहीं किया। इस मामले में हिरणमगरी थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित कर रहे है।

आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला

उदयपुर, (कासं)। युवक ने विषाक्त सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने वाले भाई के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार सायरा थाना क्षैत्र गुन्दाली गांव निवासी भग्गाराम पुत्र भीमाराम गमेती (27) की विषाक्त वस्तु सेवन करने से मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी सीताबाई ने अपने जेठ कालुराम पुत्र भीमाराम निवासी गुन्दाली के खिलाफ पति को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि आरोपी व मेरे पति के बीच लेन देने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी के चलते परेशान करने पर पति ने विषाक्त सेवन कर लिया था। जिसकी 24 सितंबर को उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

अज्ञात अधेड़ की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के बडगांव थाना क्षैत्र में गत दिनों मिले अज्ञात अधेड़ को बीमारी हालत में अज्ञात व्यक्ति ने एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जिसकी मौत हो गई थी। इस दौरान हेडकांस्टेबल रणजीतसिंह ने मृतक की जेब से मिली पर्ची के आधार पर कोटा निवासी प्रभूदयाल के रूप में शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। परिजनों के नहीं लौटने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमर्टम करवा शव का अंतिम संस्कार करवाया।

फार्मेको विजिलेंस सप्ताह का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में 17 से 25 सितंबर तक राष्ट्रीय फार्मेकोविजिलेंस सप्ताह का आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के साथ आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न माध्यमों द्वारा दवाओ के दुष्प्रभाव व उनकी रोकथाम के लिए रिपोर्टिंग जरुरी है विषय पर जानकारी दी गयी। राष्ट्रीय फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर गीतांजलि यूनिवर्सिटी कैंपस में फार्मासिस्ट रैली का आयोजित किया। अतिथि मयूर रावल गीतांजलि यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार उपस्थित रहे । उन्होंने बताया कि फार्मासिस्ट का रिसर्च क्षेत्र मैं बहुत महत्व है और विभिन्न हेल्थ केयर विभागों में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। संस्था के प्रधानाध्यापक, डॉ महेंद्र सिंह राठौड जी ने बताया कि फार्मासिस्ट की स्वास्थ्य विभाग में जिम्मेदारियां व दवाइयां के इस्तेमाल के बारे में जागरूकता फैलाना हम फार्मासिस्ट का कर्तव्य है। कार्यक्रम में पारितोषिक वितरण के दौरान सभी विजेता छात्रों को मोमेंटो और मेडल देकर उनका सम्मानित किया। गीतांजलि यूनिवर्सिटी उदयपुर के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल व वाईस चांसलर प्रोफेसर एस. के. लुहाडिया ने कार्यक्रम में उपस्थित फार्मासिस्ट अध्यापक गण व विद्यार्थी गणो को शुभकामनाएं दी।

डॉ. टांक निर्णायक के रूप में आमंत्रित

उदयपुर, (कासं)। हाल ही में जोधपुर में आयोजित राज्य चेस्ट सम्मेलन राजपल्मोकॉन-2024 में पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स) हॉस्पिटल, उमरडा के डिपार्टमेंट ऑफ रेस्पिरेटरी मेडिसिन के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सान्निध्य टांक को हंस कुमार मेमोरियल गोल्ड मेडल अवार्ड के सर्वश्रेष्ठ पेपर के निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया। इस दौरान डॉ. के.सी. अग्रवाल पोस्ट ग्रेजुएट क्विज का आयोजन किया।

बाइक प्रदर्शनी पर लगाया जुर्माना

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के कलेक्ट्री स्थित जेल के सामने टेंट लगाकर व्यापार प्रदर्शनी करना एक बाइक कंपनी को भारी पडा। गुरुवार को सभापति अमृत कलासुआ और आयुक्त लोकेश पाटीदार के निर्देश पर शहर के कलेक्ट्री मार्ग पर जिला कारागृह के सामने परिषद कार्यालय की बिना स्वीकृति के बाइक प्रदर्शनी करने वाली कंपनी से 6 हजार रुपए का जुर्माना वसूला और भविष्य में बिना परिषद की स्वीकृति के इस तरह की प्रदर्शनी नहीं लगाने हेतु पाबंद किया।

बाल गतिविधियों में नौनिहालों में दिखा उत्साह, मेला सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा उदयपुर संभाग मुख्यालय पर संचालित सूचना केन्द्र को प्रबुद्ध पाठकों और विद्यार्थियों के लिए समृद्ध संदर्भ केन्द्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों के तहत नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा 7 दिवसीय पुस्तक मेले का समापन गुरुवार को किया गया।

सूचना केन्द्र के संयुक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) द्वारा सूचना केन्द्र सभागार में प्रबुद्ध पाठकों

- सात दिवसीय पुस्तक मेले में सवा दो लाख रुपयों की पुस्तकों की हुई बिक्री
- बाल गतिविधियों में विजेताओं और उपविजेताओं को एनबीटी की ओर से पुरस्कृत किया

और विद्यार्थियों के लिए पुस्तक मेले का आयोजन किया । पुस्तक मेले में साहित्य, कला, संस्कृति, सामान्य ज्ञान, बाल साहित्य के साथ कई महत्वपूर्ण एवं उपयोगी विषयों से संबंधित अलग-अलग विषयों की हजारों पुस्तकें प्रदर्शित की गई थी। मेले में चित्र पुस्तकें, बाल उपन्यास, नाटक, कहानियों सहित स्वयं सहायता, आत्म विकास, विज्ञान, महापुरुषों की जीवनियाँ, फिक्शन, नॉन फिक्शन व हर तरह की पुस्तकों का विद्यार्थियों, शहरवासियों के साथ-साथ पुस्तक प्रेमियों एवं साहित्य जगत से जुडे

मेले में आयोजित बाल गतिविधियों में मौजूद विद्यार्थी।

लोगों ने लुत्फ उठाया। एनबीटी के सहायक निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि इस सात दिवसीय पुस्तक मेले में प्रतिदिन विभिन्न कलात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया जिसमें शहर के दस विभिन्न विद्यालयों के एक हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इसके तहत 20 सितंबर को विद्यार्थियों के लिए कहानी वाचन सत्र, चित्रकला प्रतियोगिता और लेखक परिचर्चा का आयोजन किया गया। वहीं 23 सितंबर को इंडिया बुक रिकॉर्ड होल्डर की ओर से कहानी वाचन, पोस्टर डिजाइनिंग कार्यशाला और थिएटर कार्यशाला आयोजित हुई। इसी प्रकार 24 सितंबर को कहानी वाचन, बुकमार्क डिजाइनिंग, कार्टून वर्कशॉप तथा 25 सितंबर को कहानी वाचन, ऑर्गेमी वर्कशॉप और पुस्तक कवर डिजाइन कार्यशाला आयोजित हुई।समापन सत्र में गुरुवार को मांडना कला आधारित कार्यशाला और वैदिक गणित के साथ मनोरंजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन समस्त गतिविधियों में कोमल जैन, गोपाल राजगोपाल, सवि सिंह, विशाल सिंह, शोना मल्होत्रा, चित्रकार राहुल माली, कहानीवाला रजत मेघनानी, आर्गेमी आर्टिस्ट नीलोफर मुनीर, विशाल सिंह और किरण बंसल ने अपने कला कौशल के जरिए बच्चों को आकर्षित किया। एनबीटी की एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट दीपासिंह और यंग प्रोफेशनल शुभलक्ष्मी गौतम के निर्देशन में आयोजित बाल गतिविधियों में शहर की विभिन्न स्कूलों के 1 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई वहीं पुस्तक प्रदर्शनी में सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्धजन और युवा भी पहुंचे। एनबीटी के विपणन कार्यकारी कुलदीप, विक्रय प्रतिनिधि अरूणकुमार, बिजनेस एनालिसिस अमितकुमार की सक्रियता से इस पुस्तक मेले में सवा दो लाख कीमत की दो हजार पांच सौ से अधिक पुस्तकों की बिक्री भी हुई। बाल गतिविधियों में विजेताओं और उपविजेताओं को एनबीटी की ओर से पुरस्कृत किया गया।

पशुघर गिरने से मासूम की मौत, दो घायल

डूंगरपुर, (निसं)। ओबरी थाना क्षेत्र के फावटा ग्राम पंचायत के गमेला फला में बुधवार शाम केलूपोश पशुघर गिरने से एक मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में 2 बच्चियां गंभीर घायल हो गई। घायलों को इलाज के लिए सागवाडा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फावटा पंचायत के पूर्व सरपंच हरिहर परमार ने बताया कि बिजली निगम का पोल फावटा निवासी भारतु पुत्र थानिया डामोर के केलुपोश पशुघर गिर गया। इससे पशुघर में मौजूद राहुल (10) पुत्र ईश्वर डामोर की मलबे के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई।

प्रारूप-10(नियम-6(7)देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द

सं.3808 **लोक-सूचना** दिनांक:26/9/2024

श्री प्रवीण कुमार पिता श्री भंवरलाल माली निवासी कमल तलाई बस स्टेण्ड कांकरोली एवं श्री भूपेन्द्र कुमार पिता श्री भंवरलाल माली निवासी माली कॉलोनी कमल तलाई बस स्टेण्ड के पास कांकरोली द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	हवाला	295/1	रकबा 0.0769 हैक्टेयर में से रकबा 0.0141 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

कार्यालय नगर परिषद राजसमन्द, जिला राजसमन्द

क्रमांक:न.प.रा./भू.रूपा./2024-25/3823 दिनांक : 26/09/2024

आपत्ती सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खातेदार श्री राजेश पुत्र श्री भंवरलाल तम्बोली निवासी कांकरोली एवं श्री शंकरलाल पुत्र श्री हरिराम तेली निवासी ओड़ा तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा राजस्व ग्राम धोईन्दा आराजी नम्बर 2446 रकबा 0.2509 हैक्टेयर, भूमि का आवासीय भूमि की जो प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त एवं आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द क्रमांक:-प्राधि.अ./न.प.रा.भूमि.रूपा./2024-25/3451-3454 दिनांक 13.03.2024 द्वारा 90-क के तहत बिलानाम न.प.रा.दर्ज की स्वीकृति हो चुकी है, जिसमें निम्न आवेदकों द्वारा आवासीय प्रयोजनार्थ नियमन/आवंटन कराने हेतु आवंटन शपथ पत्र के आधार पर आवेदन किया है।

क्र. सं.	नाम आवंटी का	भू.स.	वर्गमीटर
01	श्री निर्मल कुमार सेन पिता श्री बाबुलाल सेन निवासी राणा रायसिंह नगर कांकरोली।	05	122.21
02	श्रीमती गीता सेन पत्नी श्री शंकरलाल सेन निवासी हजारिया ओड़ा जिला राजसमंद।	08	153.34

अत: इस संबंध में किसी हितकारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना जारी तिथि के 7 दिवस में लिखित में मय सबूत दस्तावेज के परिषद में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मयाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद राजसमन्द

तीन युवक गंभीर घायल

डूंगरपुर, (निसं)। आकाशीय बिजली गिरने से तीन युवक गंभीर रूप से झुलस गए। तीनों युवकों को जिला अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी अनुसार काकरादरा निवासी सुनील खराडी, पाटडी काकरादरा निवासी अनिल पुत्र रणछोड कोटेड तथा बलवाडा निवासी शांतिलाल पुत्र हरिराम बरंडा तीनों घर से बाइक का पेंचर निकलवाने के लिए बाइक को लेकर थाणा गांव जा रहे थे।

सलाहकार समिति की बैठक

उदयपुर, (कासं) आई सीआईसीआई बैंक फांउडेशन के माध्यम से संचालित ग्रामीण उद्यमिता प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई। बैठक में कलक्टर पोसवाल ने आरसेटी के माध्यम से अब तक हुए प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशाओं के अनुरूप अधिक से अधिक राजीविका की महिलाओं और जनजाति समुदाय के युवाओं को प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। उन्होंने आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं को संतोषजनक रोजगार से जुडा हुआ देख प्रसन्नता जताई। क्षेत्रीय युवाओं और महिलाओं को लाभांवित कराने की संभावनाओं पर चर्चा की। आईसीआईसीआई आरसेटी के संयुक्त निदेशक अमर दीक्षित ने आरसेटी गतिविधियों का पीपीटी के माध्यम से प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा वर्तमान में कुल 992 आशार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

कार्यालय पंचायत समिति बड़गांव, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक:- प.स.ब/24-25/लेखा/732 दिनांक:-26.9.2024

-: हड्डी ठेका निलामी
खुली बोली वर्ष 2024-25 :-

पंचायत समिति बड़गांव में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु हड्डी ठेका के लिए खुली बोली दिनांक 07.10.2024 समय दोपहर 2.00 बजे होगी । जिसकी विस्तृत जानकारी sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

UBN No.- ZUD2425WSOB01375

(प्रतिभा नागदा) प्रधान पंचायत समिति बड़गांव,
(जितेन्द्र सिंह राजावत) विकास अधिकारी पंचायत समिति बड़गांव,

विद्यापीठ में पी.एच.डी. कोर्स वर्क शुरू

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विवि) की ओर से पीएचडी शोधार्थियों के लिए यूजीसी नियमानुसार कोर्स वर्क का शुभारंभ प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय के सभागार में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, पीजीडीन प्रो. जीएम मेहता, समन्वयक डॉ. युवराज सिंह राठौड ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

- शोध समाज के लिए उन्नति कारक व उद्देश्यपूर्ण हो : प्रो. सारंगदेवोत

समारोह को कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि शोध कार्य समाज के लिए उन्नति कारक व एक दर्शन स्वरूप व उपयोगी सिद्ध हो। शोध पद्धति, शोध को निर्देशित करने वाला एक अंतर्निहित ढांचा होता है, किसी समस्या को हल करने के लिए एक व्यवस्थित और पद्धतिगत योजनाबद्ध शोध पद्धति से वैध और विश्वसनीय नतीजे प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि दुनिया को विवि भारत की ही देन है। तक्षशिला विवि को दुनिया का सबसे पहला विवि माना जाता है, जो एशिया में शिक्षा का प्रमुख केंद्र था। माना जाता है यह विश्वविद्यालय छठवीं से सातवीं ईसा पूर्व में तैयार हुआ था। तक्षशिला, नालंदा जैसे विवि हिंदू और बौद्ध शिक्षा के केंद्र थे। यहां वेद-वेदांत, अष्टादश विद्याएं, दर्शन, व्याकरण, अर्थशास्त्र, राजनीति, युद्धविद्या, शस्त्र-संचालन, ज्योतिष, आयुर्वेद, ललित कला, हस्त विद्या, अश्व-विद्या, मंत्र-विद्या, विविध भाषाएं, शिल्प आदि का अध्ययन करवाया जाता था और इन्हीं विश्वविद्यालयों में पाणिनी, कौटिल्य, चंद्रगुप्त, जीवक, कौशलराज जैसे महान लोगों ने अध्ययन किया था। इसी ज्ञान के आधार पर ही पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त था।

पीजीडीन प्रो.जीएम मेहता ने शोधार्थियों का आव्हान किया कि वे उत्तमता अपनाते हुए शोध कार्य करे तथा कॉपी पेस्ट से बचे। शोधार्थियों को किताबी ज्ञान नहीं बल्कि व्यावहारिक ज्ञान से भी अवगत रहना चाहिए। प्रारम्भ में समन्वयक डॉ. युवराज सिंह बताया कि इस कोर्सवर्क में शोधार्थियों को अलग-अलग विषय विशेषज्ञों द्वारा शोध पद्धति, शोध प्रारूप तैयार करने की वैज्ञानिक पद्धति, कम्प्यूटर एवं इन्टरनेट उपयोगिता, शोध एथिक्स आदि का नवीनतम ज्ञान प्रदान कराया जायेगा जिससे शोधार्थी अपने कार्य में निपुण हो सके। संचालन सह-समन्वयक डॉ. सुनीता मुर्डिया ने किया। कोर्सवर्क में निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, तकनीकी समन्वयक डॉ. चन्द्रेश छतलानी, डॉ. यज्ञ आमेटा, तकनीकी सहयोगी डॉ. ललित सालवी, विकास डांगी, रोशन गर्ग सहित प्रतिभागी उपस्थित थे।

GRAM PANCHAYAT OFFICE DODAWALI, PANCHAYAT SAMITI GIRWA (UDAIPUR)

LETTER NO:2024-25/119-120 DATE:20/09/2024

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Goods. Details about Tender specification, cost, EMD, tender inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in

UBN NO- ZUD2425GLRCO1288

SARPANCH
Gram Panchayat
DODAWALI P.S. GIRWA

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

उदयपुर (मुख्य) शाखा, पोस्ट बॉक्स नं. 11, टाऊन हॉल, उदयपुर-313001 (राजस्थान), फोन: 0294-2410226, 2422148, 2420671, 2421673
ई-मेल: udalpu@bankofbaroda.com

आम सूचना

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं विशेष रूप से ऋणियों मैसर्स ग्रिसियस मेटल्स रिसाइकलर्स प्रोपराइटर श्रीमती रानू सिंधवी पत्नी श्री कमल सिंधवी एवं इसके जमानतदारों को सूचना दी जाती है कि मैसर्स ग्रिसियस मेटल्स रिसाइकलर्स प्रोपराइटर श्रीमती रानू सिंधवी पत्नी श्री कमल सिंधवी की सम्पत्ति को दिनांक 30.09.2024 को विक्रय करने हेतु राष्ट्रदूत एवं इंडियन एक्सप्रेस में दिनांक 24.08.2024 को जो ई-नीलामी सूचना प्रकाशित की गई थी को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है।

स्थान: उदयपुर
दिनांक: 26.09.2024

इस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

बाइक सवार की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। बिछीवाडा थाना क्षेत्र के कनबा गांव के पास जेसीबी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति की मौत हो गई। हादसे में पत्नी गंभीर घायल हो गई। घायल महिला को जिला अस्पताल से उदयपुर के लिए रेफर किया गया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने जेसीबी को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। बिछीवाडा थाने के एएसआई ने बताया कि छापी निवासी सचिन नाई ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता लालशंकर नाई और मां लक्ष्मी देवी बाइक पर गामडी अहाडा जाने के लिए घर से निकले थे।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. RJ/24/SEAC2/MIN/EC/0196//Cat-B1/2023-24 Jaipur Dated 29 Aug 2024 के द्वारा **मैसर्स प्रगति ग्रेनाईट** खनन पट्टा संख्या 42/2021 क्षेत्रफल 1.6017 हेक्टर वास्ते खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम आंजना तहसील देवगढ़ जिला राजसमंद (राज.) Production Capacity Granite 183333 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है । स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic पर देखी जा सकती है।

मैसर्स प्रगति ग्रेनाईट

प्रारूप-10(नियम-6(7)देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द

सं.3807 **लोक-सूचना** दिनांक:26.9.2024

श्री शंकरलाल गमेती पिता श्री किशनलाल गमेती निवासी उपली ओडन तहसील नाथद्वारा जिला रामसन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	बांसोल	220/3 220/4 221/1 221/2 221/3	रकबा 0.0364 हैक्टेयर रकबा 0.0202 हैक्टेयर रकबा 0.0162 हैक्टेयर रकबा 0.0364 हैक्टेयर रकबा 0.0445 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रांरभ

उदयपुर, (कासं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में संस्कृत शिक्षकों का तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को प्रारंभ हुआ। डाइट प्रधानाचार्य चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि प्रशिक्षण में जिले के राजकीय विद्यालयों में कक्षा 6 से 10 तक संस्कृत विषय पढाने वाले शिक्षक हिस्सा ले रहे हैं।

संस्थान के सेवारत प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष गायत्री जोशी के निर्देशन में संचालित इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में संदर्भ व्यक्ति डॉ. मानाराम चौधरी द्वारा संस्कृत संभाषण का अभ्यास, गीत के माध्यम से संस्कृत शिक्षण, अभिनय आधारित प्रत्यक्ष विधि द्वारा शिक्षण, स्फोरक पत्रों से विभक्तियों का अभ्यास, क्रियापद, कथा-कथन तथा प्रत्यक्ष वस्तुओं के माध्यम से संस्कृत शब्दों का बोध कराया गया।इस अवसर पर संभागियों की ओर से जगदीश चौबीसा,रामचंद्र पालीवाल, शीला तेली, वर्षा मीणा, खुशबू पाराशर तथा लोकेश भट्ट ने पारस्परिक अत: क्रियाओं में भाग लिया। प्रशिक्षण का समापन 28 सितंबर को होगा।

वहीं संस्थान के टैगोर हॉल में पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षको के लिए संचालित पांच दिवसीय पशिक्षण के चौथे दिन गुरुवार को संदर्भ व्यक्ति मनोज पाठक व जगदीश चंद्र सालवी ने करके सीखो तथा रटंत प्रवृति से निजात,अनुभव आधारित अध्यापन के साथ साथ आई सी टी,गूगल टूल्स व पीएम श्री विद्यालयों के लिए आवश्यक पोर्टल संबंधी जानकारी से संभागियों को अवगत कराया। संभागियों की ओर से वंदना आमेटा, अनिता मीणा, जयप्रकाश चौबीसा आदि ने चर्चा में भाग लिया। उक्त जानकारी प्रभारी अधिकारी रियाज अहमद ने दी।

गरबा प्रशिक्षण कार्यशाला 29 सितम्बर से

उदयपुर, (कासं)। भारतीय लोक कला मण्डल में 29 सितम्बर से गरबा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन होगा।

निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि भारतीय लोक कला मण्डल एवं रंगपृष्ठ संस्था के संयुक्त तत्वधान में संस्था परिसर में ०5 दिवसीय गरबा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 29 सितम्बर से होगा। संस्था में रंगपृष्ठ संस्था उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 29 सितम्बर से ०3 अक्टूबर के मध्य 5 दिवसीय गरबा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन होगा जिसमें रंगपृष्ठ संस्था के कलाकार रीना बागड़ी सुहानी चौधरी एवं ज्योती माली प्रतिभागियों को गरबा नृत्य का प्रशिक्षण देंगी। डॉ. हुसैन ने बताया कि गरबा गुजरात का पारंपरिक लोक नृत्य है जिसे नवरात्रा के अवसर पर किया जाता है। गुजरात का यह पारंपरिक लोक नृत्य वर्तमान में न केवल गुजरात बल्कि देश के अन्य राज्यों में पसंद किया जाने लगा है। इस लोक नृत्य का आयोजन उदयपुर में बडे स्तर पर होने लगा है। शहर का आमजन गुजरात के पारम्परिक लोक नृत्य को पारम्परिक तरिके से कैसे करे उसी उद्धेश्य को ध्यान में रखते हुए गरबा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 10 वर्ष से अधिक सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों को गरबा नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला का समय प्रतिदिन सायं 5:30 बजे से 6:30 बजे रहेगा। इच्छुक प्रतिभागी कार्यालय समय में भारतीय लोक कला मण्डल में पंजीयन 28 सितम्बर तक करा सकते है।

कार्यालय ग्राम पंचायत धार, पंचायत समिति बड़गांव, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक:- 2024-25/23 दिनांक:-26.9.2024

-: खुली बोली/2024-25 :-

ग्राम पंचायत धार के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई का कार्य हेतु उपापन की निविदाएं दिनांक 30.09.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.- ZUD2425WSOB01362

सरपंच
ग्राम पंचायत धार
पंचायत समिति बड़गांव,
जिला-उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत धार
पंचायत समिति ब